हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 21 अक्टूबर 2026
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 21. 0 डिग्री

खेतों में पहुंचीं कलेक्टर, पीवी ऐप सर्वे का किया औचक निरीक्षण
4



खबर संक्षेप

पोड़ी में शरद संगीत समारोह 25 को

नवागढ़। जनपद पंचायत नवागढ़ के अंतर्गत सत्य निज नाम बोध संस्थान पोड़ी आध्यात्मिक केंद्र में गुरु घासीदास संगीत महाविद्यालय हसौद और संस्कार भारती जिला सक्ती के संयुक्त तत्वाधान में शरद संगीत समारोह का आयोजन 25 अक्टूबर रविवार को दोपहर 2 बजे से रखा गया है। दोपहर में स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति होगी। इसके बाद रात्रि 8 बजे से आगंतुक कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी। इस संबंध में संस्कार भारती जिला सक्ती के महामंत्री मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि शरद पूर्णिमा के अवसर पर 25 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे से गुरु घासीदास संगीत महाविद्यालय हसौद का वार्षिकोत्सव शरद संगीत समारोह 2026 का आयोजन रखा गया है। राजकुमारी इंदिरा सिंह कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के शास्त्रीय गायन शुभम ठाकुर, शुगम गायन प्रिया श्रीवास, कथक नृत्य श्रीता देवांगन, तबला रामचंद्र सर्पे , वाद्य बृंद वायलिन मनीषा श्रीवास, उदित सरकार ,सरोद गरिमा , सितार इक्षेश सेठिया, बांसुरी देवेंद्र शर्मा, नाटक घनश्याम साहू पंडवानी हर्ष चंद्राकर आदि कलाकारों की प्रस्तुति होगी।

धान खरीदी से पहले किसान करा लें रकबे का सत्यापन

सक्ती। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में धान खरीदी के दौरान किसी भी तरह की परेशानी से बचने के लिए किसानों को अपनी पंजीकृत किसान सूची और धान के रकबे का सत्यापन कराना जरूरी है। इसके लिए 31 अक्टूबर तक की समय-सीमा निर्धारित की गई है। नोडल अधिकारी ने बताया कि किसान अपनी संबंधित सहकारी समिति में जाकर पंजीकृत किसान सूची का अवलोकन करें और उसमें दर्ज भूमि विवरण एवं धान के रकबे का मिलान करें। यदि सूची में नाम, भूमि संबंधी जानकारी या धान के रकबे में किसी प्रकार की त्रुटि अथवा अंतर मिलता है, तो संबंधित सहकारी समिति से संपर्क कर 31 अक्टूबर से पहले आवश्यक सुधार करा लें। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर सत्यापन और त्रुटियों का सुधार कराने से धान खरीदी के दौरान होने वाली परेशानियों से बचा जा सकता है। किसानों से अपील की गई है कि वे जल्द से जल्द अपनी सहकारी समिति में पहुंचकर पंजीकृत रिकॉर्ड की जांच कराएं।

पुलिस ने घेराबंदी कर गांजे के साथ युवक को किया गिरफ्तार

बिर्रा। जिले में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री और तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत बिर्रा पुलिस ने एक युवक को 1.24 किलोग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बरामद गांजे की कीमत करीब 50 हजार रुपये आंकी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जिले में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में निरीक्षक राजीव श्रीवास्तव के नेतृत्व में बिर्रा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बिर्रा स्थित उत्तम ढाबा के पास एक संदिग्ध युवक मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई कर युवक को पकड़ा। पकड़े गए युवक की पहचान शुभम केंवट (20 वर्ष), पिता गणेश केंवट, निवासी ग्राम डोमाडीह, थाना हसौद के रूप में हुई। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 1.24 किलोग्राम गांजा पाया गया, जिसकी कीमत 50 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने गांजा जब्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी राजीव श्रीवास्तव, प्रधान आरक्षक आरक्षक लक्ष्मी कश्यप, दीपक तिवारी, रामसाय साहू सहित पुलिस स्टाफ का योगदान रहा।

जिला मुख्यालय के हाईस्कूल मैदान में 35 फीट ऊंचे रावण पुतले का हुआ दहन

धूमधाम से मना असत्य पर सत्य की जीत का पर्व दशहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

असत्य पर सत्य की जीत का पर्व दशहरा जिले में मंगलवार 20 अक्टूबर को धूमधाम से मनाया गया। जिला मुख्यालय के हाईस्कूल मैदान में 35 फीट ऊंचे रावण पुतले का दहन हुआ। वहीं दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला भी देर रात तक चलता रहा।

जिला मुख्यालय सहित जगह-जगह दशानन के पुतलों का दहन कर हर्षोल्लास के साथ दशहरा मनाया गया। नगर के हाईस्कूल मैदान में नगर पालिका परिषद द्वारा दशहरा पर्व के लिए रावण का 35 फीट का पुतला बनाया गया एवं राम-लक्ष्मण की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। नगरवासी शाम 6 बजे से ही परिवार सहित हाईस्कूल मैदान पहुंचने लगे थे। इसके पश्चात रावण दहन रात्रि 9 बजे किया गया। हाईस्कूल मैदान में आसपास के गांवों के लोग भी दशहरा देखने पहुंचे। मैदान के बाहर छोटे-छोटे व्यापारियों की दुकानें सजी थी, जिसमें बच्चों के खिलौने, गुब्बारे तथा गुपचुप एवं चाट की खूब बिक्री हुई। साथ ही गली मुहल्लों में भी बच्चों ने छोटे-बड़े रावण बनाकर रावण दहन किया। इस वर्ष दशहरा के लिए दुकानों में भी रावण का पुतला बिकता रहा। इधर सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन द्वारा चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।



जिला मुख्यालय के हाईस्कूल मैदान में जलता रावण का पुतला।

सिलादेही में दशहरा उत्सव आज

बिर्रा। ग्राम सिलादेही में विराट दशहरा उत्सव का आयोजन बुधवार 21 अक्टूबर को होगा। ग्राम पंचायत सिलादेही के सरपंच श्रीमती संतोषी राजकुमार पटेल उपसरपंच रामकुमार पटेल एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सिलादेही में विराट रावण दहन एवं दशहरा उत्सव कार्यक्रम 21अक्टूबर को रखा गया है । इस दौरान शाम 6 बजे आकर्षक आतिशबाजी के साथ रवण दहन किया जाएगा। इसके पूर्व बाजे गाजे के साथ राम सेना की आकर्षक झांकी निकाली जो भ्रमण करते हुए दशहरा मैदान पहुंचेगी। इसके पहले शाम चार बजे प्रतिभावन प्रतिभागियों को प्रोत्साहित कर पुरूस्कार वितरण किया जाएगा । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोहनकुमारी साहू सभापति महिला बाल विकास, अध्यक्षता सरपंच श्रीमती संतोषी राजकुमार पटेल, विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष मनीषा चौहान जंप बम्हनीडीह, गोकुल जायसवाल प्रतिनिधि जंप बम्हनीडीह,श्रीमती अमृत बाई चौहान जनपद सदस्य, उपसरपंच रामकुमार पटेल की उपस्थिति में होगा। वहीं दर्शकों के मनोरंजन के लिए रात्रि में मुकेश नाईट कार्यक्रम का आयोजन भी रखा गया है।

तालदेवरी में 24 अक्टूबर को होगा विराट दशहरा महोत्सव

तालदेवरी। ग्राम पंचायत तालदेवरी के खेल मैदान मंडी प्रांगण में विराट दशहरा महोत्सव का आयोजन 24 अक्टूबर शनिवार को किया जाएगा। 24 अक्टूबर को शाम 7:30 बजे रावण दहन किया जाएगा। इसके बाद रात्रि 9 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत होगी। कार्यक्रम में यादव लोक कला मंच, आर्केस्ट्रा ग्रुप ग्राम पुरैना, खरसिया, जिला रायगढ़ की प्रस्तुति होगी। इसके साथ ही आकर्षक आतिशबाजी और झांकी भी दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण रहेंगी। मुख्य अतिथि के रूप में जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू शामिल होंगे। अध्यक्षता ग्राम सरपंच श्रीमती सीमा शुक्लाल सोनवानी करेंगी। विशिष्ट अतिथियों में गगन जयपुरीया, श्रीमती मोहन कुमारी साहू, श्रीमती मनीषा चौहान, श्रीमती उत्तरा सिदार, श्रीमती राजेश्वरी भुवन कुम्भाकार, श्रीमती कविता राजेंद्र आजाद, गोकुल जायसवाल, दुस्यंत सिंह, कमलेश कश्यप, सद्दाम हुसैन तथा भीम आर्मी प्रदेश महासचिव कलेश्वर खुटे सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।

नियमों को ताक पर रखकर राखड़ परिवहन सड़कों पर फैल रही राख से नगरवासी परेशान

कार्रवाई नहीं होने से लोगों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर में नियमों को ताक पर रखकर खुले वाहनों से राखड़ परिवहन किए जाने का मामला सामने आया है। पिछले तीन-चार दिनों से नगर के मुख्य मार्गों पर जगह-जगह राखड़ गिरने से आम नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़कों पर बिखरी राख न केवल आवागमन में परेशानी पैदा कर रही है, बल्कि इससे पर्यावरण और लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने से नगरवासियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

क्षेत्र के विभिन्न उद्योगों से निकलने वाली राखड़ के परिवहन को लेकर राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) एवं पर्यावरण विभाग के दिशा-निर्देशों के तहत निर्धारित मानकों का पालन किया जाना आवश्यक है। इसके अंतर्गत राखड़ परिवहन करने वाले वाहनों को उचित तरीके से ढककर ले जाना चाहिए, ताकि रास्ते में राखड़ न गिरे और उससे प्रदूषण न फैले। लेकिन अकलतरा नगर में पिछले कुछ दिनों से खुले वाहनों में राखड़ का परिवहन किए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। इसके चलते नगर के प्रमुख मार्गों पर बड़ी मात्रा में राखड़ फैल रही है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। नगरवासियों का कहना है कि मुख्य मार्गों पर राखड़ फैलने के बावजूद अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं होना चिंता का विषय है। यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई, तो समस्या और गंभीर हो सकती है। नियमों का उल्लंघन कर राखड़ परिवहन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। नगर की सड़कों पर फैली राखड़ से लोगों को हो रही परेशानी को देखते हुए आम आदमी पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने जिला प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित किया है। उन्होंने नियमों के विपरीत राखड़ परिवहन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही, राखड़ परिवहन में निर्धारित नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया है। नगरवासियों की मांग है कि प्रशासन तत्काल मामले को संज्ञान में लेकर सड़कों पर फैली राखड़ की सफाई कराए तथा खुले वाहनों से राखड़ परिवहन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करे, ताकि नगर की सड़कों को सुरक्षित और प्रदूषणमुक्त बनाया जा सके।



नगर के मुख्य मार्ग पर जगह-जगह गिरी राखड़।

युवा रत्न सम्मान के लिए 30 अक्टूबर तक करें आवेदन

सक्ती। व्यक्तिगत क्षमता में सुधार तथा समाज सेवा के क्षेत्र में किये गये उत्कृट कार्यों को मान्यता देने के उद्देश्य से युवा रत्न सम्मान योजना लागू करने का निर्णय लिया गया है। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा युवा कल्याण के विभिन्न क्षेत्र में किये गए अविस्मरणीय कार्य, सेवाओं तथा अभिनव प्रयास के लिए सम्मानित करने और उनमे एक राष्ट्रीय कीर्तिमान विकसित करने की दृष्टि से युवा रत्न सम्मान की स्थापना किया गया है। आवेदन आमंत्रित करने की तिथि 30 अक्टूबर निर्धारित किया गया है।

शिवरीनारायण में दुर्गा विसर्जन को लेकर महानदी घाटों पर उमड़ी भीड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

धार्मिक नगरी शिवरीनारायण में विजयादशमी के अवसर पर दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को लेकर महानदी के विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। दूर-दराज के गांवों से बड़ी संख्या में लोग मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए पहुंचे। महानदी के घाटों पर दिनभर धार्मिक गतिविधियां चलती रहीं।

■ सुरक्षा के मद्देनजर चाक चौबंद रही सुरक्षा व्यवस्था

दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के पश्चात श्रद्धालुओं ने नगर में आयोजित दशहरा मेले का रुख किया। मेला ग्राउंड में लोगों की अच्छी-खासी भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने मेले में घूमकर उत्सव का आनंद लिया और रावण दहन देखने के बाद अपने-अपने घरों की ओर रवाना हुए। दशहरा पर्व को लेकर बच्चों, युवाओं और परिवारों में खासा उत्साह देखने को मिला। दुर्गा विसर्जन और दशहरा मेले के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए शासन-प्रशासन की ओर से सुरक्षा एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनाती की गई। महानदी घाटों पर विसर्जन के दौरान सावधानी बरतने और व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया गया, ताकि श्रद्धालु शांतिपूर्ण ढंग से धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कर सकें। दशहरा पर्व के अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल थवाईत के द्वारा भगवान श्रीराम की प्रतिमा के आसपास विशेष साफ-सफाई कराई गई। पर्व के दौरान नगर में स्वच्छता और व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से प्रतिमा स्थल एवं आसपास के परिसर की सफाई पर ध्यान दिया गया।

मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 30 तक

सक्ती। छत्तीसगढ़ राज्य के प्रतिभावान निम्न आय वर्ग के विद्यार्थियों को शिक्षण सत्र 2026-27 में राष्ट्रीय स्तर के उच्च व्यावसायिक संस्थानों जैसे आईआईटी, एआईआईएमएस, आईआईएम, एनएलयू, एमबीबीएस, नीट एवं आईआईआईटी में चयन उपरांत प्रवेश प्राप्त करने के लिए तत्कालिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना संचालित है। योजनांतर्गत पात्र विद्यार्थियों से निर्धारित प्रपत्र में 30 अक्टूबर तक सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास सक्ती में जमा कर सकते है।

विजयादशमी पर एसपी ने पुलिस लाइन में की शस्त्र पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

विजयादशमी के अवसर पर मंगलवार 20 अक्टूबर को जांजगीर स्थित पुलिस लाइन में एसपी विजय कुमार पाण्डेय ने विधि-विधान और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ शस्त्र पूजा की। इस अवसर पर उन्होंने

■ जनसेवा और नागरिक सुरक्षा के संकल्प को दोहराया

जिले में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली बनाए रखने के साथ ही कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रखने की कामना की। पुलिस लाइन में आयोजित शस्त्र पूजा कार्यक्रम में पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया।



पुलिस लाइन में शस्त्र पूजा करते पुलिस अधीक्षक विजय पांडेय।

पूजा-अर्चना के दौरान पुलिस विभाग की परंपराओं का निर्वहन करते हुए शस्त्रों की विधिवत पूजा की गई। विजयादशमी के अवसर पर शस्त्र पूजा का विशेष महत्व माना जाता है। यह परंपरा पुलिस बल के साहस, कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और जनसेवा के संकल्प को दर्शाती है। कार्यक्रम में एडिशनल एसपी डॉ. यूलैंडन यार्क, डीएसपी मुख्यालय विजय कुमार पैकरा, डीएसपी अजाक सतरूपा तारम, सीएसपी जांजगीर योगिताबाली खापर्डे, एसडीओपी चांपा लोकेश बंसल, जिला सेनानी योगिता साहू तथा रक्षित निरीक्षक प्रदीप कुमार जोशी सहित पुलिस लाइन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। दशहरा पर्व पर शस्त्र पूजा पुलिस विभाग की परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। दशहरा पर्व के अवसर पर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों और पुलिस चौकियों में भी शस्त्र पूजा की गई। संबंधित थाना प्रभारियों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना कर पुलिस विभाग की इस परंपरा का निर्वहन किया। इस अवसर पर उन्होंने कानून-व्यवस्था बनाए रखने, आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

बम्हनीडीह थाना में विधि-विधान से हुआ शस्त्र पूजन



बम्हनीडीह। विजयादशमी के पावन अवसर पर थाना बम्हनीडीह परिसर में शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। इस दौरान थाना के पुलिस अधिकारियों एवं स्टाफ ने विधि-विधान के साथ शस्त्रों की पूजा-अर्चना कर परंपरा का निर्वहन किया। शस्त्र पूजन के दौरान पुलिसकर्मियों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर शस्त्रों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। भारतीय परंपरा में शस्त्र पूजन को शक्ति, साहस, कर्तव्य और धर्म की रक्षा का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर थाना परिसर में श्रद्धा एवं उत्साह का माहौल रहा। पुलिस स्टाफ ने परंपरानुसार पूजन कार्यक्रम में भाग लेकर पर्व की महत्ता को दर्शाया।

लागत बढ़ने और दूध का उचित मूल्य नहीं मिलने से पशुपालकों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदा



पशु आहार और सूखे चारे की लगातार बढ़ती कीमतों तथा दूध का उचित क्रय मूल्य नहीं मिलने से परेशान दुग्ध उत्पादक किसानों का आक्रोश अब खुलकर सामने आने लगा है। इसी मुद्दे को लेकर बलौदा के घासीदास चौक स्थित भवन में दुग्ध उत्पादक किसानों और पशुपालकों की विशाल बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के सैकड़ों किसानों ने शामिल होकर अपनी समस्याएं रखीं और डेयरियों तथा दुग्ध महासंघ की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई।

■ दूध के दाम बढ़ाने की मांग, चारे की महंगाई के खिलाफ लामबंद हुए दुग्ध उत्पादक किसान

किसानों ने दूध के खरीद मूल्य में बढ़ोतरी और पशु आहार की कीमतों पर नियंत्रण की मांग करते हुए बड़े आंदोलन का बिगुल फूंकने का ऐलान किया। बैठक में किसानों ने कहा कि कपास खली, सरसों खली, चोकर, दाना और सूखे चारे (पैरा-भूसा) की कीमतों में भारी बढ़ोतरी हुई है। इसके बावजूद दुग्ध महासंघ और निजी डेयरियों द्वारा दूध का उचित मूल्य नहीं दिया जा रहा है। किसानों के अनुसार, एक ओर पशुओं के आहार, देखभाल और रखरखाव पर अधिक खर्च करना पड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर दूध की कम कीमत मिलने से उनकी आमदनी प्रभावित हो रही है। ऐसी स्थिति में दुग्ध व्यवसाय घाटे का सौदा बनता जा रहा है। किसानों का कहना है कि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में आंदोलन को व्यापक रूप दिया जाएगा। बैठक में मनोज कुमार यादव, विनय कुमार यादव, ओमकार यादव, राजू यादव, निखिल यादव, दीपेश, नरेश, लखनलाल, परमेश्वर, गंगाराम, योगेश, अवध राम, राकेश, जितेंद्र कुमार, लल्लू, संजू, ईश्वर यादव, कृपा शंकर, महावीर यादव, रामलाल यादव, उमाशंकर यादव, शिवरतन यादव, बलराम, दिनेश यादव, सूर्यकांत, मुकेश, देव प्रसाद, सोहरन, लेखराम, हरीश कुमार, बसंत, पंचराम सहित दुग्ध उत्पादक किसान उपस्थित रहे।

कला, तकनीक और पौराणिक प्रसंगों का संगम, उमड़ रही लोगों की भीड़

35 वर्षों से अनूठी परंपरा : 10 इंच का हवा में उड़ने वाला चलित रावण बना आकर्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

विजयादशमी और दशहरा के पावन पर्व पर सक्ती नगर में इस बार कला और तकनीक का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। नगर के प्रसिद्ध कलाकार अमित तम्बोली पिछले 35 वर्षों से लगातार छोटे और अनूठे 'चलित रावण' की जीवंत झांकी का निर्माण कर रहे हैं। हर वर्ष एक नई थीम और नए अंदाज में प्रस्तुत होने वाली यह झांकी नगर के दशहरा पर्व का मुख्य आकर्षण बन गई है।

तम्बोली ने अपने तीन दशक से अधिक लंबे इस सफर में रावण के कई रूपों को जीवंत किया है। कभी उनका रावण स्केटिंग करते हुए नजर आता है, तो कभी जूता, पेट और चश्मा हिलाते हुए नृत्य करता है। कभी सीढ़ी चढ़ते हुए, तो कभी रस्सी के सहारे ऊपर जाते हुए, तो कभी हाथ में मोबाइल पकड़कर डांस करते हुए, 'सीता-सीता' और 'राम-राम' पुकारते हुए, महादेव से संवाद और हनुमान जी का पीछा करने जैसी उनकी प्रस्तुतियां दर्शकों को खूब भाती रही हैं। इस वर्ष की झांकी



10 इंच आकार का बैटरी चलित रावण।

पिछले सभी वर्षों से अधिक तकनीकी और वैचारिक रूप से समृद्ध है। इस बार 10 इंच आकार का बैटरी चलित रावण तैयार किया गया है, जो हवा में उल्टा उड़ते हुए अपने हाथों से 24 इंच आकार के घूमते हुए चंद्रमा को दबाकर, दोनों टांगों को फैलाते हुए उसे लंका तक ले जाता है। इस पूरी प्रस्तुति में चारों तरफ समुद्र का दृश्य और उसके बीच स्वर्ण लंका की मनमोहक प्रतिकृति बनाई गई है, जो दर्शकों को आकर्षित कर रही है। झांकी का सबसे महत्वपूर्ण और रोचक हिस्सा रावण और चंद्र देव के बीच लगभग चार मिनट तक चलने वाला सजीव संवाद है। इस संवाद में रावण अहंकारपूर्वक कहता है कि उसने तीनों लोकों पर विजय प्राप्त कर ली है, इसलिए चंद्रमा को भगवान शिव के मस्तक की बजाय उसके मस्तक पर शोभायमान होना चाहिए। यह संवाद न केवल मनोरंजक है, बल्कि अहंकार के प्रतीक रावण के चरित्र को भी उजागर करता है।इस अनोखे चलित रावण को देखने के लिए सक्ती नगर के साथ-साथ जांजगीर-चांपा, कोरबा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। बच्चे, बुजुर्ग और परिवार सहित दर्शक चार मिनट के इस संवाद को तन्मयता से सुन रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अमित तम्बोली की यह कला सक्ती की सांस्कृतिक पहचान बन चुकी है और हर वर्ष दशहरा पर इसका इंतजार रहता है।

खबर संक्षेप

31 तक चलेगा विशेष अभियान

कोरबा। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में जिले में 5 से 31 अक्टूबर तक विशेष मतदाता पंजीकरण अभियान प्रारंभ किया जा रहा हैं। इस सम्बन्ध में सहायक जिला स्वीप नोडल अधिकारी सतीश प्रकाश सिंह ने बताया कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन तथा अपर कलेक्टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती माधुरी सोम ठाकुर के निर्देशन में जिले में मतदाता सूची से छूटे हुए सभी पात्र नागरिकों तथा पहली बार मतदाता बनने के लिए पात्र बने युवाओं के नाम जोड़ने के लिए विशेष मतदाता पंजीकरण अभियान 5 से प्रारंभ होकर 31 अक्टूबर तक चलाया जाएगा।

ड्राइवर महासंघ ने वृद्धजनों को भोजन कराकर लिया आशीर्वाद

मड़वारानी। छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंघ द्वारा भोग भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंघ एवं समाजसेवी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया मुख्य रूप से उपस्थित समाजसेवी गोविंदा सारथी अशोक पटेल क्रांतिकारी योद्धा जिला अध्यक्ष कौशल चौहान, नगर अध्यक्ष सोनू मंहत, ब्लाक अध्यक्ष मनोज यादव, कैलाश दास महंत, गुरुदयाल मानिकपुरी, रवि भाई, अशोक चौहान, उतरा चौहान, जानकी चौहान, पितांबर कंवर, राम, शकुन यादव, शिव, ईश्वर दास, कमलेश मैत्री, ब्लाक प्रभारी सावन कुमार, अशोक बिंझवार एवं समस्त पदाधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कैटरिंग कुक द्वारा छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंघ के लिए निशुल्क भोजन बनाया गया। दिलेश्वर महंत यह निशुल्क भोजन बरपाली कोषाध्यक्ष धनसिंह कंवर द्वारा आयोजित किया गया था।

पौधरोपण के लिए प्रस्तावित भूमि पर अवैध निर्माण

बांकीमोंगरा। ग्राम पंचायत अरदा के बांधपारा मोहल्ले में बागेश्वर धाम स्थल के समीप शासकीय भूमि पर अवैध निर्माण कर कब्जा किए जाने का मामला सामने आया है। यह भूमि पौधरोपण के लिए प्रस्तावित बताई जा रही है। आरोप है कि कई लोगों द्वारा इस भूमि पर निर्माण कर कब्जा किया जा रहा है। मामले में ग्राम पंचायत अरदा के सरपंच ने राजस्व विभाग को जानकारी दी है। सरपंच ने संबंधित विभाग को शासकीय भूमि पर हो रहे निर्माण और कब्जे की स्थिति से अवगत कराया है। पौधरोपण के लिए प्रस्तावित भूमि पर कब्जा होने से भविष्य में पौधरोपण और अन्य विकास कार्य प्रभावित होने की आशंका है। अब इस मामले में राजस्व विभाग की जांच और कार्रवाई पर नजर रहेगी। शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए प्रशासन की पहल जरूरी है।

रेलवे स्टेशनों पर 22 को होगा रेल जनसंवाद

कोरबा। रेलवे बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल में विशेष अभियान 6.0 के अंतर्गत 22 अक्टूबर को बिलासपुर सहित मंडल के सभी रेलवे स्टेशनों पर एक दिवसीय पैन इंडिया रेल जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस पहल के माध्यम से रेलवे प्रशासन यात्रियों एवं आमजन से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, सुझावों और अपेक्षाओं को जानेगा तथा यात्री सुविधाओं में निरंतर सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाएगा।
जनसंवाद का मुख्य उद्देश्य यात्रियों की अपेक्षाओं को समझना, उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा में प्रभावी पहल करना तथा रेलवे की सेवाओं को अधिक सुविधाजनक, जवाबदेह एवं यात्री-केंद्रित बनाना है। साथ ही आमजन की सहभागिता से रेलवे की व्यवस्थाओं को और अधिक उपयोगी बनाना है। कार्यक्रम के दौरान रेलवे के अधिकारी एवं कर्मचारी स्टेशनों पर रेल यात्रियों, युवाओं तथा आम नागरिकों से संवाद करेंगे। इस दौरान यात्री सुविधाओं, स्टेशन परिसर की व्यवस्थाओं, स्वच्छता एवं अन्य रेल सेवाओं से संबंधित अनुभवों, सुझावों और शिकायतों को सुना जाएगा। प्राप्त प्रतिक्रियाओं एवं शिकायतों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत दर्ज कर उनके निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री की घोषणा पर शहर में नवीन सर्किट हाउस निर्माण को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

311.29 लाख रुपए की मिली प्रशासकीय स्वीकृति

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा कोरबा प्रवास के दौरान जिला मुख्यालय में नवीन सर्किट हाउस निर्माण की घोषणा की गई थी। राज्य शासन ने घोषणा के अनुरूप भवन निर्माण के लिए 3 करोड़ 11 लाख 29 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। नवीन सर्किट हाउस के निर्माण के लिए रामपुर आईटीआई, डिंगापुर के पास स्थल चिह्नित कर आरक्षित किया गया है। लोकनिर्माण विभाग मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री अरुण साव के प्रयास से राशि स्वीकृति हुई।

कार्यपालन अभियंता जी आर जांगड़े ने बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा इस स्थल पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त सर्किट हाउस का निर्माण कराया जाएगा। भवन में वीआईपी सूट के साथ अतिथियों के लिए अलग-अलग कक्षों की व्यवस्था रहेगी। भवन की रूपरेखा में भविष्य की आवश्यकताओं को भी ध्यान में रखा गया है। प्रस्तावित भवन में ड्राइंग रूम, प्रतीक्षालय, रसोईघर, भोजन कक्ष सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। परिसर में वीआईपी और सामान्य वाहनों के लिए पृथक पार्किंग, उद्यान एवं हरित क्षेत्र विकसित किए जाएंगे। वाहनों के सुगम आवागमन के लिए अलग प्रवेश और निकास द्वार भी प्रस्तावित हैं। नवीन सर्किट हाउस के निर्माण से जिला मुख्यालय में शासकीय अतिथि गृह की सुविधाओं का विस्तार होगा। जिले के प्रवास पर आने वाले जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों और विशिष्ट अतिथियों को ठहरने के लिए बेहतर आवासीय सुविधा मिल सकेगी। प्रशासकीय स्वीकृति और स्थल चिह्नांकन के बाद लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित विभागीय प्रक्रिया के तहत निर्माण कार्य की आगामी कार्रवाई की जाएगी।

खास बातें
- रामपुर आईटीआई डिंगापुर के पास स्थल चिन्हित
- लंबे समय से जिले में सर्किट हाउस की बन रही थी योजना



रेलवे स्टेशन जाने के लिए ही नहर रोड का कर सकेंगे इस्तेमाल, आने के लिए ब्रिज का करना होगा इस्तेमाल

शहर के भीतर लग रही भीड़, शनि मंदिर के पास ट्रैफिक को किया गया डायवर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शारदीय नवरात्रि और आगामी दशहरा पर्व को देखते हुए शहर में उमड़ने वाली भारी भीड़ और जाम की समस्या से निपटने के लिए जिला यातायात पुलिस ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। शहर के व्यस्तम सोनालिया मुख्य मार्ग और नहर पारा क्षेत्र में लगातार लग रहे ट्रैफिक जाम से आम नागरिकों और श्रद्धालुओं को राहत दिलाने के लिए प्रशासन ने रूट डायवर्सन की व्यवस्था लागू कर दी है, जो दशहरा उत्सव तक प्रभावी रहेगी।

त्योहार के दौरान आवागमन को सुगम बनाए रखने के लिए यातायात पुलिस ने श्रद्धालुओं और आम नागरिकों की सुविधा के लिए सीतामढ़ी शनि मंदिर के पास यातायात व्यवस्था में बदलाव किया है। सीतामढ़ी और रेलवे स्टेशन की ओर से शहर के भीतर आने वाले वाहन अब सीधे नहर पार मार्ग का उपयोग नहीं कर सकेंगे। इस दिशा से आने वाले लोगों को अब सीधे ओवरब्रिज पार करना होगा, जिसके बाद वे राताखार और तुलसी नगर मार्ग से होते हुए सुरक्षित और सुगमता से शहर के भीतर प्रवेश कर सकेंगे। जबकि सोनालिया से रेलवे स्टेशन जाने वाले यात्रियों को जाने की अनुमति दी गई है। यातायात का यह डायवर्सन त्यौहार की भीड़भाड़ के समय विशेष रूप से लागू किया गया है। नवरात्रि के दिनों में माता के दर्शन के लिए पंडालों और बाजारों में भारी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं, जिससे मुख्य मार्गों पर दबाव काफी बढ़ गया था। विशेषकर सोनालिया मुख्य मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग रही थीं, जिससे पैदल चलने वाले श्रद्धालुओं और एम्बुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। यातायात पुलिस के इस नए और सूझबूझ भरे ट्रैफिक प्लान से शहरवासियों को जाम के झंझट से मुक्ति मिलेगी और लोग बिना किसी बाधा के अपने परिवार के साथ त्योहारी उल्लास का आनंद ले सकेंगे। प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और नए रूट का उपयोग कर व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।



सड़क पर तैनात किया गया यातायात पुलिस

सेवानिवृत्त एसईसीएल कर्मी के घर चोरों का धावा, लाखों का माल पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कॉलोनी में अज्ञात चोरों ने एसईसीएल से सेवानिवृत्त मकान को निशाना बनाते हुए सोने चांदी के जेवरात सहित लाखों का माल पार कर दिया है। मामले की शिकायत पर पुलिस घटना स्थल पहुंची थी जहां पुलिस ने मामले की बारीकी से जांच शुरु कर दी है।

मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत एसईसीएल के सेवानिवृत्त कर्मचारी आरके बिंद सेवानिवृत्ति के बाद वे बिलासपुर में अपना मकान बनवा रहे थे। इसी वजह से कोरबा स्थित डी-3 मकान को देखरेख के लिए नौकरानी के भरोसे छोड़ दिया गया था। मकान की देखभाल करने वाली महिला नौकरानी वहां रह रही थी। इसी दौरान चोरों ने 17-18 की दरमियानी रात मकान को निशाना बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। मानिकपुर चौकी प्रभारी परमेश्वर राठौर ने बताया कि इस आवास में चोरी होने की शिकायत मिली है। इसकी जांच की जा रही है। फिलहाल चोरी हुए आभूषणों और नकदी की वास्तविक कीमत का पता नहीं चल पाया है। वहीं दूसरी ओर मकान मालिक का कहना है कि चोरों ने चार से पांच लाख कीमती सोने चांदी की चोरी कर ली है। मानिकपुर चौकी पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच में जुटी हुई है।



बिखेरा गया आलमारी का सामान।

बलगी शराब दुकान के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, थाने का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बलगी क्षेत्र में शराब दुकान के पास सोमवार को एक अज्ञात वाहन की ठोकर से एक युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद लोगों को आक्रोश फूट पड़ा था और मुआवजे की मांग को लेकर थाने का घेराव कर दिया था। बाद में प्रशासन व पुलिस की ओर से मृतक के परिजनों को अर्थिक सहायता की राशि दिलाई गई जिसके बाद मामला शांत हुआ। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। दुर्घटनाकारित वाहन चालक की खोजबीन शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत शिव प्रसाद 28 वर्ष पिता रामस्वरूप अपने मोटर साइकिल क्रमांक सीजी बीक्यू 2167 में सवार होकर अपनी पत्नी को लेने के लिए जमनीपाली दर्री जा रहा था कि बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत शराब दुकान के पास पहुंचा था कि एक अज्ञात टीपर वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के सूचना पाते ही मृतक के परिजन बड़ी संख्या में पहुंच गए और स्थानीय लोगों का आक्रोश फूट पड़ा और मुआवजे की मांग को लेकर बड़ी संख्या में लोग बांकीमोंगरा थाना जा पहुंचे और घटना को लेकर आक्रोश व्यक्त करने लगे। इस दौरान प्रशासन की ओर से मृतक के परिजनों को आर्थिक राशि प्रदान की गई जिसके बाद थाने का घेराव समाप्त हुआ।

खास बातें
- बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र की घटना, अज्ञात वाहन की खोजबीन में जुटी पुलिस
- पत्नी को लेने के लिए जमनीपाली जा रहा था युवक



घटनास्थल पर युवक का शव।

बाइक को बचाने के चक्कर में ट्रेलर पलटा



कटघोरा-बिलासपुर बाईपास मार्ग पर अहिरन नदी के पास एक बड़ा सड़क हादसा टल गया, हालांकि गेहूं से भरा एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर खेत में पलट गया। गनीमत यह रही कि इस दुर्घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन वाहन और उसमें लदे गेहूं को भारी नुकसान पहुंचा है। जानकारी के अनुसार ट्रेलर क्रमांक एनएल 01 एजे 5558 शहडोल से भारी मात्रा में गेहूं लोडकर रायगढ़ के लिए रवाना हुआ था। बीती रात लगभग 1 बजे जब वाहन ढेलवाडीह स्थित अहिरन नदी के पास पहुंचा, तभी अचानक एक बाइक सवार वाहन के सामने आ गया। बाइक सवार को बचाने के प्रयास में ट्रेलर चालक ने अचानक नियंत्रण खो दिया, जिससे अनियंत्रित हुआ भारी-भरकम ट्रेलर सड़क किनारे खेत में जा पलटा। गनीमत रही कि ड्राइवर और बाइक सवार बाल-बाल बच गए। हालांकि, दुर्घटना के कारण ट्रेलर में लदा गेहूं खेतों में बिखर गया और बड़ी मात्रा में गेहूं की बोरियां क्षतिग्रस्त हो गईं, जिससे वाहन मालिक को भारी आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ा है।

सक्रिय हुए तस्कर और बिचौलिए

अंबिकापुर। धान खरीदी की प्रक्रिया अभी शुरू भी नहीं हुई है और बलरामपुर जिले में बाहरी धान खपाने वाले तस्कर सक्रिय भी हो गए है। बड़ी मात्रा में यूपी का धान जिले में लाकर बिचौलियों के माध्यम से खपाए जाने की योजना है इसके लिए अभी से ही दीगर राज्यों से धान का परिवहन कर भंडारण किया जा रहा है। इस बात का खुलासा जिला और पुलिस प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई से हुआ है। एसडीएम के नेतृत्व में टीम ने धनवार चेक पोस्ट में जांच के दौरान तीन ट्रक अवैध धान पकड़ा है जबकि इसके पहले भी चार पिकअप अवैध धान पकड़ा गया था। जब्त किए गए धान को थाना के सुपुर्द किया गया है। बता दें कि खरीफ सीजन के तहत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान बलरामपुर जिले में बड़े पैमाने पर तस्कर यूपी से धान लाकर बिचौलियों के माध्यम से जिले की समितियों में खपाने का काम करते है।

मारपीट कर शांति व्यवस्था भंग करने वाले 7 लोगों पर गिरी गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक कोरबा के निर्देशन में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में में मारपीट कर शांति व्यवस्था भंग करने वाले निम्नलिखित 7 व्यक्तियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपियों में कुमार मोहल्ला, सीतामणी निवासी संतराम विश्वकर्मा उम्र 55 साल पिता स्व. छेतू राम विश्वकर्मा, विनोद उर्फ गोलू पटेल पिता स्व. बसंत कुमार पटेल, उम्र 37 वर्ष, ईश्वर उर्फ सोनू महंती, पिता स्व. गोविंद महंती, उम्र 35 वर्ष एवं धनदेव राम केंवट पिता स्व. धरसाराम केवट, उम्र 40 वर्ष है। जीवन लाल पटेल, पिता फोटुल राम पटेल, उम्र 43 वर्ष, निवासी क्वार्टर नंबर 205, सी ब्लॉक पीएम आवास घंटाघर, लक्ष्मणबन तालाब निवासी बिल्लू उर्फ गोविंद यादव पिता ननकू यादव, उम्र 30 वर्ष, गौतम यादव पिता ननकू यादव उम्र 44 वर्ष शामिल हैं। पुलिस द्वारा सभी आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई।

बदमाशों को समझाइश, 7 गिरफ्तार



आगामी दशहरा त्यौहार के मद्देनजर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने पुलिस की विशेष अभियान चलाया गया है। आगामी दशहरा त्यौहार के दौरान जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार प्रतिबंधात्मक एवं निगरानी संबंधी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना कोतवाली क्षेत्र के 18 गुण्डा-बदमाशों, निगरानी बदमाशों एवं मारपीट संबंधी अपराधों के पूर्व आरोपियों को थाना तलब कर कड़े शब्दों में समझाइश दी गई। उन्हें भविष्य में किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि में संलिप्त नहीं होने तथा अपने आचरण में सुधार लाने की सख्त हिदायत दी गई। साथ ही, शांति व्यवस्था भंग करने की आशंका को देखते हुए 7 बदमाशों के विरुद्ध धारा 170 बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया गया।

जंगली सुअर का शिकार करने हाईवोल्टेज तार की चपेट में आने से युवक की मौत

सीतापुर। जंगली सूअर का शिकार करने जंगल में बिछाए गए हाई वोल्टेज तार की चपेट में आकर 28 वर्षीय युवक की मौत हो गई। चिड़िया का शिकार करने जंगल गया युवक खुद शिकारियों का शिकार हो गया। इस घटना के बाद मृतक के घर मे मातम छा गया है। इस मामले में पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे घरवालों को सौंप दिया है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार विकासखंड मैनपाट के तराई गांव कुनकुरी खुर्द निवासी 28 वर्षीय सिंधु प्रकाश आ. साधराम रविवार की शाम चिड़िया का शिकार करने जंगल की ओर गया था। युवक चिड़िया का शिकार करने के बजाए खुद शिकारियों का शिकार हो गया। दरअसल जंगल मे जंगली सूअर का शिकार करने शिकारियों द्वारा हाई वोल्टेज तार बिछाया गया था। जिसकी चपेट में आने के बाद युवक बुरी तरह झुलस गया और मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और रात को ही शव हॉस्पिटल भिजवा दिया।



ट्रेलर और हाइवा की भिड़ंत में चालक की मौत

कोरबा। मुख्य मार्ग पर दर्री साप्ताहिक बाजार मंडी के पास सोमवार सुबह करीब 4 बजे ट्रेलर और हाइवा के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में हाइवा चालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार, हाइवा जमनीपाली की ओर से दर्री होते हुए कोरबा की तरफ आ रहा था, जबकि ट्रेलर दर्री से जमनीपाली की ओर जा रहा था। इसी दौरान दर्री साप्ताहिक बाजार के पास दोनों वाहनों के बीच टक्कर हो गई। भिड़ंत इतनी भीषण थी कि हाइवा चालक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे में शामिल वाहनों में ट्रेलर क्रमांक सीजी 13 बीएम 5243 तथा हाइवा क्रमांक सीजी 12 बीयू 8776 शामिल है।

10 लाख की लागत से स्थापित होगी महाराणा प्रताप की प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज. डोमनहिल

क्षत्रिय समाज द्वारा डोमनहिल स्थित क्षत्रिय भवन में रविवार को शस्त्र पूजा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शामिल हुए। शस्त्र पुजा एवं मां काली के छायाचित्र का पूजन करने के बाद कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इस दौरान क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने भवन निर्माण के लिए मुख्य अतिथि के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।


उन्होंने आगे कहा कि चिरमिरी में बेरोजगारी बहुत है, इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। वहीं, समाज के मंत्री ने भवन के लिए स्वीकृत 37 लाख रुपए और स्टेज के लिए 25 लाख रुपए की राशि के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि हमारे विधायक प्रदेश में कैबिनेट मंत्री हैं। वे घंटों-घंटों में क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। कुछ घंटे पहले चिरमिरी में होते हैं, तो कुछ घंटे बाद रायपुर में होने की जानकारी मिलती है। शस्त्र पूजा कार्यक्रम में पहुंचे कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि आज क्षत्रिय समाज द्वारा शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर क्षत्रिय समाज से मनोनीत एल्डरमैन उपेंद्र सिंह को शॉल और श्रीफल पहनाकर सम्मानित किया गया।

मंत्री श्री जायसवाल ने आगे कहा कि यह मेरा विधानसभा क्षेत्र है, लेकिन जब मैं यहां लोगों से मिलता हूं, तो लगता है कि अपने परिवार के बीच में हूं। कुछ लोग पद पाने के लिए कुछ भी करते रहते हैं और मैं कुछ करने के लिए पद पर बैठा हूं। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को हमारी संस्कृति से भी गुरेज है। क्या हम अपनी संस्कृति को भूल जाएं यह बात उन्होंने गरबा महोत्सव के दौरान सोशल मीडिया पर की गई टीका-टिप्पणी के संदर्भ में कही। विधायक जायसवाल ने कहा कि क्या संस्कृति को सिर्फ इसलिए भूल जाएं कि इसमें खर्च हो रहा है शस्त्र पूजा भी समाज के लोगों को एक स्थान पर एकत्रित कर जोड़ने की परंपरा है। खर्च तो इसमें भी लगता है, तो क्या इसे बंद कर दिया जाना चाहिए मेरा जवाब है बिल्कुल नहीं। उन्होंने कहा कि क्षत्रिय का धर्म छाते के रूप में लोगों को सुरक्षित करना है। क्षत्रिय भले ही कद में छोटा हो, लेकिन जब भी आवश्यकता पड़ती है, तो क्षत्रिय का विशाल रूप दिखाई देता है। इस दौरान मंत्री श्री जायसवाल ने क्षत्रिय समाज के प्रेरणादायक महापुरुषों महाराणा प्रताप सिंह, महाराणा सांगा और पृथ्वीराज चैहान को याद किया। मंत्री जायसवाल ने आगे कहा कि कलचुरियों ने 18-18 गढ़ों को मिलाकर छत्तीसगढ़ बनाया है। मैं आप लोगों के सम्मान के लिए 18-18 घंटे काम कर रहा हूं, ताकि आप प्रदेश के किसी भी जिले में जाएं, तो आपको सम्मान की नजर से देखा जाए। उन्होंने कहा कि आप लोगों ने एक बीज लगाया, पानी डाला और उसे पेड़ बनाया है, जिसे अब पूरा छत्तीसगढ़ जानता है। इस दौरान चिरमिरी के लिए किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि अमृत जल मिशन के तहत घर-घर पानी पहुंचाने की योजना के लिए 185 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। वहीं, बिजली व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए 56 करोड़ रुपये की लागत से डोमनहिल, पोड़ी, हल्दीबाड़ी, कोरिया और गोदरीपारा में पांच विद्युत सबस्टेशन बनाए जाएंगे। इससे क्षेत्र में बिजली की समस्या दूर होगी। उन्होंने रेलवे जैसी बड़ी परियोजना, जिला अस्पताल के कायाकल्प, 150 से अधिक स्टाफ की व्यवस्था, 1,000 लोगों की क्षमता वाले ऑडिटोरियम और नालंदा परिसर का उल्लेख करते हुए कहा कि ये सभी परियोजनाएँ चिरमिरी में स्थायित्व लाने के साथ रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में आमूलचूल बदलाव लाने वाली साबित होंगी।









'दुनिया की ठांय-ठांय' का ट्रेलर रिलीज...

मुंबई। अभिनेता ऋषभ जैसवाल और अभिनेत्री दीपाली शर्मा स्टारर 'दुनिया की ठांय-ठांय' के मेकर्स ने ट्रेलर रिलीज कर दिया है। यह सीरीज प्यार, धोखे और सस्पेंस से भरपूर ट्विस्ट वाली एक इंटेंस ड्रामा है। ट्रेलर में ऋषभ जैसवाल और दीपाली शर्मा के बीच एक कड़ा और धमाकेदार आमना-सामना दिखाया गया है। कहानी में विकास कुमार (ऋषभ जैसवाल) एक बड़े सपने देखने वाले युवा शूटर से विक्की भैया बन जाता है। वह अपने प्यार वैष्णवी चतुर्वेदी (दीपाली शर्मा) को बचाने के लिए सब कुछ दांव पर लगा देता है, जो एक ताकतवर विधायक की बेटी है।

लाइफ Style

रश्मिका

साझा किया दिल छू लेना वाला नोट

एजेंसी ⏭ मुंबई

अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने हाल ही में पुट्टपर्थी के एक स्कूल का दौरा किया। इस स्कूल में अभिनेता विजय देवरकोंडा ने अपने स्कूल के कुछ वर्ष बिताए थे। उन्होंने इस अनुभव को शांतिपूर्ण, सुंदर और दिव्य बताया। इंस्टाग्राम पर रश्मिका ने अपनी इस यात्रा के बारे में एक दिल छू लेने वाला नोट साझा किया।

पिछले कुछ सालों में उन्होंने विजय के बचपन, स्कूली दिनों और दोस्तों के बारे में कई किस्से सुने थे लेकिन खुद उस जगह पर जाना अभी बाकी था। कई तस्वीरें साझा करते हुए रश्मिका ने लिखा, दोस्तों, मैं आप सभी के साथ अपना एक अनुभव साझा करना चाहती हूं। इतने वर्षों से मैंने विजय के बचपन, उनकी पढ़ाई और स्कूली दिनों के बारे में बहुत सी बातें सुनी हैं, उनके सभी दोस्त स्कूल के समय के हैं और उन्होंने पुट्टपर्थी में पढ़ाई की है। इसलिए मैं हमेशा उन्हें 'पर्थी बॉयज एंड गर्ल्स' कहकर बुलाती हूं और अब वे मेरे भी बहुत अच्छे दोस्त बन गए हैं। रश्मिका ने कहा, मुझे हमेशा लगता था कि जैसे कोई पहेली अधूरी रह गई हो, क्योंकि यह एक ऐसी जगह थी, जिसे मैंने कभी देखा नहीं था या जहां मैं कभी गई नहीं थी, लेकिन इसके बारे में बहुत कुछ सुना था। आखिरकार, मुझे पुट्टपर्थी जाने का एक बहुत ही सुंदर मौका मिला। मैंने वह स्कूल देखा, जहां उन्होंने पढ़ाई की थी, उनके क्लासरूम और हॉस्टल देखे। वहां मुझे कई प्यारे लोगों से मिलने का मौका मिला, जिनमें एचएम आंटी भी शामिल हैं, वो सच में बहुत ही प्यारी इंसान हैं! वहां जाकर मुझे जो शांति मिली, उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता।



हॉलीवुड मसाला




टेनिया ने कहा दुनिया को अलविदा

लॉस एंजेलिस। पूर्व ब्यूटी क्वीन टेनिया अब्राहम का किडनी से जुड़ी बीमारी के चलते 32 साल की उम्र में निधन हो गया। किडनी की बीमारी से लंबी और दर्दनाक जंग लड़ने के बाद मात्र 32 साल की कम उम्र में उनका निधन हो गया है। उनके परिवार ने इस दिल तोड़ देने वाली खबर को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए उन्हें बहुत जल्दी दुनिया छोड़कर जाने वाला चमकता सितारा बताया और कहा कि उन्होंने अपनी गर्मजोशी से कई जिंदगियों को छुआ था। एक्ट्रेस के निधन के बाद उनका एक पुराना सोशल मीडिया पोस्ट इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है।



23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी 'क्लेफेस'

लॉस एंजेलिस। वार्नर ब्रदर्स पिक्चर्स के बैनर तले रिलीज होने वाली 'क्लेफेस' 23 अक्टूबर को भारतीय सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं में रिलीज होगी। इस फिल्म की एक्ट्रेस नाओमी एकी ने फिल्म क्लेफेस के डायरेक्टर जेम्स वॉटकिंस की जमकर तारीफ की। नाओमी एकी ने कहा, जेम्स कलाकारों के सुझावों के लिए हमेशा तैयार रहते हैं और सेट पर हंसी-मजाक का माहौल बनाए रखना भी जानते हैं। फिल्म बनाते समय कई बार खुद को यह याद दिलाना जरूरी होता है कि वे सिर्फ एक फिल्म बना रहे हैं। ऐसे में डायरेक्टर का सहज और शांत स्वभाव कलाकारों को काफी मदद करता है। उन्होंने कहा, इस काम में लोगों के साथ सहज महसूस करना बहुत जरूरी है, खासकर उस व्यक्ति के साथ, जिसके निर्देशों पर कलाकार काम करते हैं।



अनीत ने शोस्टॉपर बन बिखेरा जलवा...

मुंबई। 'सैयारा' फेम अभिनेत्री अनीत पड्डा ने लैक्मे फैशन वीक एफडीसीआई के ग्रैंड फिनाले में रैंप वॉक कर सबका ध्यान खींचा। फैशन शो में अनीत मशहूर डिजाइनर अमित अग्रवाल के प्रेट लेबल की शोस्टॉपर बनीं। उनके स्टाइलिश वायलेट आउटफिट ने फैशन शो में खास आकर्षण बटोरा। रैंप पर अनीत पड्डा का लुक काफी खास रहा। उन्होंने वायलेट रंग का आउटफिट पहना था, जिसमें पफ स्लीव्स, कमर पर खास कट और आरामदायक सिल्हूट देखने को मिला। आउटफिट की अनोखी बनावट और मॉडर्न टेलरिंग ने उनके लुक को अलग पहचान दी। अनीत ने पूरे आत्मविश्वास के साथ रैंप वॉक किया। इसके बाद वह ग्रैंड फिनाले के दौरान डिजाइनर अमित अग्रवाल के साथ स्टेज पर भी नजर आईं।



सनी ने बर्थडे पर फैंस को दिया तोहफा

मुंबई। अभिनेता सनी देओल अपना 69वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास मौके पर एक्टर की आगामी फिल्म 'सूर्या' की पहली झलक मेकर्स ने रिलीज कर दी है। फिल्म 'सूर्या' के टीजर में सनी देओल फिर से एक बार आक्रामक अवतार में नजर आने वाले हैं। उन्होंने फिल्म में एक ऐसे व्यक्ति के किरदार को निभाया है, जो अतीत के घाव लिए घूम रहा है। वहीं उसका सामना मेडिकल प्रोफेशन से जुड़ी धांधली से होता है। इस सबके बाद सूर्या सच की खोज में निकल जाता है। उसके प्रयास से एक अवैध प्रणाली का पता चलता है, जिससे लोग लंबे समय से अंजान हैं। फिल्म को लेकर निर्देशक एम. पद्मकुमार ने कहा, 'सूर्या के लिए, हम सनी सर को एक ऐसे रूप में दिखाना चाहते थे, जैसा दर्शकों ने उन्हें पहले कभी नहीं देखा।

टीवी मसाला

डायबिटीज मेरी जिंदगी का हिस्सा : ऐश्वर्या

मुंबई। 'सास बिना ससुराल', 'मैं ना भूलूंगी', 'त्रिदेवियां' और 'रिश्ता डॉट कॉम' जैसे शो में नजर आ चुकीं टीवी एक्ट्रेस ऐश्वर्या सखुजा पिछले 10 साल से टाइप-1 डायबिटीज से जूझ रही है। इस बीमारी को लेकर उन्होंने बताया कि उन्हें शुरुआत में गलत बीमारी बताई गई थी। बाद में पता चला कि वह टाइप-1 डायबिटीज से जूझ रही हैं। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर बताया कि पिछले 10 साल उनके लिए इंसुलिन लेने, अपनी बॉडी को समझने और लाइफस्टाइल में बदलाव करने का सफर रहा है। डायबिटीज को मैनेज करना कई बार थका देने वाला रहता है। ऐश्वर्या ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 10 साल पहले मेरी बीमारी का गलत पता लगाया गया था। जब तक मुझे समझ आया कि मेरी बॉडी के साथ क्या हो रहा है, तब तक मुझे अंदाजा भी नहीं था कि मेरी जिंदगी इस तरह बदलने वाली है और मुझे हर दिन इसके साथ तालमेल बिठाना पड़ेगा। आज टाइप-1 डायबिटीज के साथ जीते हुए मुझे 10 साल पूरे हो गए हैं। उन्होंने आगे लिखा, 10 साल से इंसुलिन ले रही हूं। 10 साल से अपनी बॉडी को समझ रही हूं। इस दौरान कई उतार-चढ़ाव आए, बहुत कुछ सीखा, कई बार निराशा हुई और धीरे-धीरे चीजों को समझना पड़ा। इन 10 सालों में मैंने अपना ख्याल रखने की कोशिश की है। उन दिनों में भी जब खुद की देखभाल करना किसी फुल-टाइम जॉब जैसा लगता है।



बॉलीवुड डेब्यू करने जा रही ईशा

मुंबई। छोटे पर्दे पर अपनी पहचान बनाने के बाद अब एक्ट्रेस ईशा मालवीय बड़े पर्दे पर अपनी नई पारी शुरू करने जा रही हैं। फिल्म 'तुम मेरे हो' से बॉलीवुड में डेब्यू करने को लेकर ईशा काफी एक्साइटेड हैं। हालांकि, पहली फिल्म को लेकर उनके मन में घबराहट भी है लेकिन वह इस मौके को लेकर ज्यादा खुश हैं। एक्ट्रेस का कहना है कि एक आउटसाइडर होने के बावजूद उन्हें बड़े पर्दे पर काम करने का मौका मिला है, जो उनके लिए किसी सपने के सच होने जैसा है। ईशा मालवीय ने अपने बॉलीवुड डेब्यू को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, पहली फिल्म होने की वजह से मैं नर्वस हूं और मुझे डर भी लग रहा है लेकिन मेरी खुशी नर्वस होने से कहीं ज्यादा है। एक आउटसाइडर के तौर पर बड़े पर्दे तक पहुंचना मेरे लिए बड़ी बात है। मैं इस मौके को लेकर काफी एक्साइटेड हूं और अपनी फिल्म को दर्शकों के सामने लाने का इंतजार कर रही हूं। ईशा ने कहा, मैं खुद को बहुत खुशकिस्मत मानती हूं। मुझे लगता है कि अब तक मैंने, जो मेहनत की है, जिंदगी में जिन मुश्किलों का सामना किया है और मुझे यहां तक पहुंचाने के लिए मेरे माता-पिता ने जो परेशानियां झेली हैं, उन सबका नतीजा अब सामने आ रहा है। मैं फिल्म 'तुम मेरे हो' से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हूं। इसके लिए मैं बहुत खुश हूं। ईशा ने कहा, मेरे लिए अभी भी इस बात पर यकीन करना आसान नहीं है कि मैं सच में बॉलीवुड फिल्म का हिस्सा बन गई हूं। मुझे कई बार ऐसा लगता है, जैसे मैं कोई सपना देख रही हूं। हालांकि, जब मैं फिल्म से जुड़े लोगों को अपने साथ देखती हूं, तो मुझे इस बात का एहसास होता है कि मेरा सपना अब हकीकत बन रहा है।



30 अक्टूबर को रिलीज होगी कॉमेडी फिल्म नखरेवाली'

मुंबई। फिल्ममेकर आनंद एल राय के प्रोडक्शन हाउस की आने वाली फिल्म 'नखरेवाली' की रिलीज डेट का ऐलान हो गया है। अंश दुग्गल और प्रगति श्रीवास्तव स्टारर यह फिल्म 30 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म को एक अलग अंदाज की रोमांटिक कॉमेडी के तौर पर पेश किया जा रहा है, जिसमें प्यार, रिश्तों और लैंगिग समानता से जुड़े मुद्दों को अलग अंदाज में दिखाने की कोशिश की गई है। फिल्म के मेकर्स ने इसकी घोषणा के साथ एक दिलचस्प पोस्टर भी जारी किया है। पोस्टर पर लिखा है, कभी-कभी प्यार में मजनू को भी लैला बनना पड़ता है। यह लाइन फिल्म की कहानी में होने वाले बदलाव की झलक देती है। आमतौर पर रोमांटिक कहानियों में लड़के को प्यार के लिए कोशिश करते और लड़की को मनाते हुए दिखाया जाता है, लेकिन 'नखरेवाली' में रिश्तों के इसी पारंपरिक ढांचे को अलग नजरिए से पेश करने की कोशिश की गई है। फिल्म को 'वुमनटिक कॉमेडी' कहा जा रहा है। यह शब्द वुमन और रोमांटिक कॉमेडी को जोड़कर बनाया गया है।

20 नवंबर को रिलीज होगी 'सत्यवान सावित्री'

चेन्नई। डायरेक्टर प्रवीण एस. विजय की कोर्टरूम ड्रामा फिल्म 'सत्यवान सावित्री' की नई रिलीज डेट सामने आ गई है। कीर्ति सुरेश की लीड रोल वाली इस फिल्म को अब दुनियाभर के सिनेमाघरों में 20 नवंबर को रिलीज किया जाएगा। इसकी जानकारी फिल्म के मेकर्स ने सोशल मीडिया के जरिए दी। फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे बैनर ड्रमस्टिक्स प्रोडक्शंस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, अब और खामोशी नहीं। सावित्री की लड़ाई शुरू होती है। मेकर्स ने बताया कि 'सत्यवान सावित्री' 20 नवंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बता दें कि फिल्म की रिलीज पहले 24 जुलाई को तय की गई थी, लेकिन बाद में मेकर्स ने रिलीज डेट टाल दी। फिल्म के मेकर्स ने इसी साल मई में इसका फर्स्ट और सेकंड लुक भी जारी किया था। फर्स्ट लुक पोस्टर में कीर्ति सुरेश पीछे मुड़कर देखती नजर आती थीं, जबकि उनके आसपास कई वकील आगे की तरफ देख रहे हैं। इस पोस्टर को शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा था, शांत चेहरा, लेकिन रुकने वाली ताकत नहीं। अब खेल उसी का है। 'सत्यवान सावित्री' में कीर्ति सुरेश और मिश्किन के अलावा चारुकेश, बालासरवनन, मधुसूदनन, शिल्पा मंजूनाथ, आर. सुंदरराजन, माला पार्वती और ए. वेंकटेश जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।



फेस्टिव सीजन में ओटीटी पर मनोरंजन का धमाल

मुंबई। फेस्टिव सीजन की शुरुआत हो गई है। खास तैयारियां चल रही हैं। सिनेमाघरों में नई-नई फिल्में रिलीज की कतार में हैं। फिलहाल तो 'जेलर 2' धमाका कर रही है। 'दृश्यम 3', 'नई नवेली' और 'प्रहार' समेत कई और फिल्में लगी हुई हैं। मगर, ओटीटी पर भी कंटेंट की भरमार है।

लव इन डिस्गाइज

अगर के-ड्रामा में दिलचस्पी है तो इस वीक आप इसे देख सकते हैं। यह एक रोमांटिक थ्रिलर ड्रामा है। इम सिवान, सियोल इन आह, किम जंग ह्यून और येनवू अभिनीत 'लव इन डिस्गाइज' 19 अक्टूबर से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

गजब रात

मनोज बाजपेयी और नुसरत भरूचा अभिनीत यह एक क्राइम थ्रिलर ड्रामा फिल्म है। फिल्म की कहानी एक पुलिस अधिकारी पर आधारित है। पहले इस फिल्म का टाइटल 'घूसघोर पंडत' था। इस पर काफी विवाद हुआ। इसके बाद नाम बदलकर 'गजब रात' किया गया। यह फिल्म 23 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इस फिल्म में साकिब सलीम, दिव्या दत्ता और कीकू शारदा जैसे सितारे भी हैं। फिल्म का निर्देशन रितेश शाह ने किया है।



चार यार

वेब सीरीज 'चार यार' भी इस वीक दस्तक देगी। जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है। यह दोस्तों पर आधारित है। इसमें गरीबी और क्राइम को साथ मिलाजुला कर दिखाया जाएगा। 'चार यार' में पूरव झा, नमन जैन, साकिब अयूब और प्रयाग मेहता अहम किरादारों में नजर आ रहे हैं। इनके अलावा साथ ही साईं तम्हाणकर, सिकंदर खेर, दिब्येंदु भट्टाचार्य, राजेश तैलंग, चंकी पांडे और भगवती पेरुमल भी अहम किरदार निभाते दिखाई देने वाले हैं। सीरीज 23 अक्टूबर से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

द लीजेंड ऑफ हनुमान सीजन 7

भगवान हनुमान पर आधारित सीरीज 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' का सातवां सीजन भी इस वीक दस्तक देगा। इस सीजन में लंका का युद्ध अपने सबसे निर्णायक और भयावह मोड़ पर पहुंचता है। वानर सेना निराश होती है। मगर, तभी बजरंगबली उस अस्त्र की तलाश में निकलते हैं, जो हमेशा के लिए रावण का अंत कर सकता है। यह सीरीज 23 अक्टूबर को जियोहॉटस्टार पर दस्तक देगी।

'नोबडी वॉन्ट्स दिस सीजन 3' और 'लुपिन 4'

अगर आपको रोमांटिक कॉमेडी सीरीज में दिलचस्पी है तो इस वीक 'नोबडी वॉन्ट्स दिस' के तीसरे सीजन का भी विकल्प है। यह सीरीज 22 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इसमें क्रिस्टन बेल और एडम ब्रॉडी अहम भूमिका में होंगे। इसके अलावा नेटफ्लिक्स की चर्चित सीरीज 'लुपिन' भी अपने चौथे सीजन के साथ वापसी कर रही है। लोकप्रिय फ्रेंच क्राइम-ड्रामा सीरीज है। 'लुपिन 4' 23 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

सूमो दीदी

यह स्पोर्ट्स बायोपिक है। 'सूमो दीदी', भारत की पहली प्रोफेशनल महिला सूमो पहलवान हेतल दवे की जिंदगी से प्रेरित है। यह फिल्म 23 अक्टूबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर दस्तक देगी। इसमें श्रियम भगनानी लीड रोल में हैं। वहीं, चैतन्य शर्मा, अनुभा फतेहपुरिया, नितेश पांडे, राघव धीर और मीनल कपूर भी अहम भूमिकाओं में हैं। जयंत रोहतगी ने निर्देशन की कमान संभाली है।

खबर संक्षेप

दशहरा महोत्सव के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने किया पथ संचालन



चांपा। दशहरा महोत्सव के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा शस्त्र पूजा व पथ संचालन किया गया। सुबह 6 बजे सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में शस्त्र पूजा की गई। इसके पश्चात पथ संचालन शुरू किया गया। दण्ड घोष की धुन के साथ संघ के कार्यकर्ता संघीय गणवेश सफेद कमीज व फुल पैंट के साथ हाथ में दण्डा लिये चल रहे थे। पथ संचालन लायंस चौक, विश्वेसरैय्या द्वार, बापू बालोद्यान , हनुमान चौक, कदम चौक, चौपाटी होते हुए वापस सरस्वती शिशु मंदिर परिसर पहुंचा, जहां पथ संचालन का समापन किया गया। उल्लेखनीय है कि नगर में हर वर्ष विजयादशमी को संघ द्वारा पथ संचालन का आयोजन किया जाता रहा है।

आरती थाली सजाओ प्रतियोगिता आयोजित, महिलाओं ने उत्साह पूर्वक लिया भाग



सक्ती। मां महामाया दुर्गा उत्सव समिति, पुराना स्टेट बैंक सक्ती में आरती थाली सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नगर की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आकर्षक ढंग से आरती की थालियां सजाकर अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शिखा (मल्लू) अग्रवाल ने प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान पर प्रीति विकास अग्रवाल रहीं। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका सैनी अग्रवाल एवं छाया अग्रवाल ने निभाई। समिति की ओर से सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। आयोजन को सफल बनाने में समिति के सदस्यों ने सहयोग दिया।

सिद्ध नवदुर्गा पूजा सेवा समिति के नौवें स्थापना वर्ष पर भव्य भंडारा और विसर्जन आज

जांजगीर-चांपा। सिद्ध नवदुर्गा पूजा सेवा समिति नैला वार्ड क्रमांक 3 में नौवें स्थापना वर्ष के अवसर पर नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन जसगीत-जगराता का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालु भक्तिमय माहौल में मां दुर्गा की आराधना में लीन रहे। आयोजन के तहत 21 अक्टूबर को भव्य भंडारा एवं प्रसाद वितरण का आयोजन रखा गया है। समिति द्वारा 21 अक्टूबर बुधवार को भव्य कीर्तन-भजन और ढोल-नगाड़ों के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन जुन्ना तालाब में किया जाएगा। विसर्जन कार्यक्रम में श्रद्धालु भक्तिमय वातावरण में शामिल होकर मां दुर्गा को विदाई देंगे। आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष राधेश्याम कश्यप, उपाध्यक्ष दीपक शर्मा, कोषाध्यक्ष द्वारिका कश्यप, सचिव बबीता नामदेव, ललित, राजेश सहित समिति के सभी सदस्यों ने विशेष सहयोग प्रदान किया। समिति के सदस्यों ने आयोजन के माध्यम से धार्मिक आस्था, भक्ति और सामाजिक एकजुटता का संदेश दिया।

मेला महोत्सव शिवरीनारायण में लगा निःशुल्क विधिक सलाह एवं सहायता केंद्र का स्टॉल



शिवरीनारायण। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान न्यायाधीश जयदीप गर्ग के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर के सचिव मनोज कुमार कुशवाहा के मार्गदर्शन में शिवरीनारायण मेला महोत्सव में निःशुल्क विधिक सलाह एवं सहायता केंद्र का स्टॉल लगाया गया। तहसील अधिवक्ता संघ शिवरीनारायण के पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र तिवारी द्वारा स्टॉल में आने वाले लोगों को साइबर अपराध के संबंध में, सामुदायिक मध्यस्थता, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए योजना, नालसा संवाद योजना, हाशिए पर मौजूद और कमजोर आदिवासी समुदायों तथा विमुक्त खानाबदोश जनजातियों के लिए न्याय तक पहुंच को मजबूत बनाना, बाल विवाह,स्पृहा वीर परिवार सहायता योजना,नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, बाल मित्रवत विधिक सेवा योजना, जागृति योजना, नशा मुक्ति योजना, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक सहायता योजना,नेशनल लोक अदालत से संबंधित पंपलेट बांटकर लोगों को जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रमुख रुप से तहसील अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र तिवारी, अधिवक्तागण छबिराय, विश्वनाथ सिंह, गजेन्द्र बंजारे, एम आर कश्यप, रामनिवास शुक्ला, देव प्रसाद साहू, कुमार निराला, देव नारायण माण्डले, भुनेश्वर बंजारे, इतवारी यादव,तहसीलदार शिवरीनारायण लोमस कुमार मिरि, पैरा लीगल वालंटियर गजानंद प्रसाद कश्यप, नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी, मुख्यालय आर आई भूपेन्द्र,आर आई मिसदा बी एन जांगड़े, कोटवार प्रकाश सहिस, शिवकुमार चौहान, लीला राम कश्यप, गणेश पटेल, राम सिंह,उपस्थित रहे।

तय समय-सीमा में त्रुटिरहित सर्वे पूरा करने दिए निर्देश, कहा खसरा और रकबे की प्रविष्टि में न हो कोई चूक

खेतों में पहुंचीं कलेक्टर, पीवी ऐप सर्वे का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

डिजिटल क्रॉप सर्वे में किसी भी किसान का खसरा और रकबा छूटने न पाए, इसके लिए कलेक्टर श्रीमती जयश्री जैन खुद खेतों में उतरकर सर्वे की हकीकत परख रही हैं। ग्राम केरीबंधा के अंदरूनी खेतों में पहुंचकर उन्होंने पीवी ऐप सर्वे का औचक निरीक्षण किया और अधिकारियों को तय समय-सीमा में त्रुटिरहित प्रविष्टि सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए।

जिले में डिजिटल क्रॉप सर्वे (पीवी ऐप सर्वे) के कार्यों में तेजी लाने और इसकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने मैदानी निगरानी बढ़ा दी है। इसी कड़ी में कलेक्टर श्रीमती जयश्री जैन ने जनपद पंचायत सक्ती के ग्राम केरीबंधा के अंदरूनी खेतों में पहुंचकर पीवी ऐप के माध्यम से किए जा रहे सर्वे कार्यों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने खेतों में फसलों का भौतिक सत्यापन कर सर्वे की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया। साथ ही अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्धारित समय-सीमा में खसरों की त्रुटिरहित प्रविष्टि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ग्राम केरीबंधा में अर्जुनी फसल के भौतिक सत्यापन की स्थिति देखी और मौके पर मौजूद सर्वेयर सहित संबंधित अधिकारियों से सर्वे कार्य की जानकारी ली। उन्होंने राजस्व, कृषि, सहकारिता एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों को पूरी सावधानी और सटीकता के साथ डिजिटल क्रॉप सर्वे पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि सर्वे के दौरान किसी भी किसान का खसरा या रकबा छूटना नहीं चाहिए। प्रत्येक खेत और फसल से संबंधित आवश्यक जानकारियों का सही-सही संकलन किया जाए, ताकि सर्वे में किसी प्रकार की त्रुटि की गुंजाइश न रहे। खेतों के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती जैन ने उपस्थित किसानों से भी चर्चा की और सर्वे प्रक्रिया के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने किसानों से पीवी ऐप सर्वे में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि एग्रीस्टैक पंजीयन और पीवी ऐप सर्वे से वंचित किसान अपना पंजीयन अवश्य कराएं। इससे पात्र किसानों को सर्वे प्रक्रिया में शामिल करने और उनकी कृषि भूमि एवं फसल से संबंधित जानकारी का सही रिकॉर्ड तैयार करने में मदद मिलेगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि कोई भी पात्र किसान इस प्रक्रिया से छूटने न पाए। कलेक्टर के निर्देशन में जिले में पीवी ऐप सर्वे की प्रगति और क्रियान्वयन की लगातार निगरानी की जा रही है। अपर कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार सहित राजस्व एवं अन्य विभागों के अधिकारी मैदानी स्तर पर पहुंचकर सर्वे कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं। इस दौरान कार्यों की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं, ताकि निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप सर्वे का काम समय-सीमा में पूरा किया जा सके। निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत सक्ती के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीके आदिले, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, संबंधित ग्राम के सरपंच, सचिव तथा ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



औचक निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से चर्चा करती कलेक्टर।

छात्र-छात्राओं ने मलखंभ प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

ग्राम कुटराबोड़ स्थित मलखंभ अखाड़ा में अंतर महाविद्यालयीन मलखंभ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने अपने कौशल और खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में बालिका वर्ग से डिंपी सिंह और बालक वर्ग से अखिलेश कुमार दिनकर विजेता रहे।

छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग के तत्वाधान में अंतर महाविद्यालयीन मलखंभ प्रतियोगिता का आयोजन डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय पामगढ़ द्वारा 17 अक्टूबर शनिवार को मलखंभ अखाड़ा, ग्राम कुटराबोड़ में संपन्न किया गया। विभिन्न महाविद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने मलखंभ प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतिभागी महाविद्यालय से आए क्रीड़ा अधिकारी व क्रीड़ा प्रभारियों का स्वागत पुष्प गुच्छ से किया गया। महाविद्यालय की क्रीड़ा प्रभारी सुश्री मीरा टंडन द्वारा प्रतियोगिता का संक्षिप्त में विवरण दिया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.एस.के.यादव के द्वारा बताया गया मलखंभ भारत का एक प्राचीन और पारंपरिक खेल है। डॉ.एस.आर.महेंद्र ने बताया खेल गतिविधियां शारीरिक व मानसिक विकास की नीव है । पुष्कर दिनकर सरपंच संघ अध्यक्ष जनपद पामगढ़ के द्वारा छात्रों के प्रदर्शन की सराहना की गई। प्रतिभागी महाविद्यालय से आए क्रीड़ा अधिकारी में विश्वास विश्वकर्मा, क्रीड़ा अधिकारी शासकीय लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय खरौद, प्रभात कुमार, अतिथि क्रीडा प्रभारी डॉ. इंद्रजीत सिंह शासकीय महाविद्यालय अकलतरा, विकास दिनकर उपस्थित थे। प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में विजेता छात्रा डिंपी सिंह व बालक वर्ग में विजेता अखिलेश कुमार दिनकर रहे। प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मान किया गया। इन छात्रों का चयन ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी मलखंभ प्रतियोगिता में होने पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ आशीष तिवारी,डॉ. श्वेता जैन, श्रीमती चांदनी छाबड़ा, श्रीमती लक्ष्मी गौरी कुजूर द्वारा छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

■ अंतर महाविद्यालयीन मलखंभ प्रतियोगिता का आयोजन



बाजे-गाजे के साथ माताराणी को दी विदाई, सोन नदी में किया विसर्जन



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरी-सारागांव

ग्राम पंचायत देवरी के भाटापारा मोहल्ले में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा का 20 अक्टूबर को शाम गाजे-बाजे के साथ धूमधाम से विसर्जन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भक्तिमय माहौल में माता रानी को अंतिम विदाई दी।

नवरात्रि पर्व के दौरान मोहल्ले में मां दुर्गा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। नौ दिनों तक माता की आराधना और धार्मिक आयोजनों से क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बना रहा। प्रतिदिन श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और शांति की कामना की। 20 अक्टूबर को शाम के समय दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। इसमें मोहल्ले के श्रद्धालु उत्साह के साथ शामिल हुए। माता रानी के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां दुर्गा को विदाई दी और अगले वर्ष फिर से आने की प्रार्थना की।

नियमित योग तनावमुक्त जीवन की दिशा में आगे बढ़ने में सहायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक शांति और आध्यात्मिक चेतना के संवर्धन के उद्देश्य से योग मित्र मंडल एवं योग साधना केंद्र, अकलतरा के तत्वावधान में बगड़िया भवन में आयोजित छह दिवसीय योग साधना शिविर का 17 अक्टूबर को समापन हुआ।

12 से 17 अक्टूबर तक चले इस निःशुल्क शिविर में 15 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर योग एवं ध्यान की विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण प्राप्त किया। शिविर का संचालन बिहार योग विद्यालय, मुंगेर से प्रशिक्षित तथा चार दशकों का अनुभव रखने वाले कर्म संन्यासी धर्मकीर्ति ने किया। उनके मार्गदर्शन में प्रतिभागियों को सरल योगासन, मंत्र जाप, प्राणायाम, ध्यान एवं योग निद्रा का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान योग की व्यावहारिक विधियों के साथ शरीर, मन और श्वास के बीच सामंजस्य स्थापित करने के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। शिविर में शामिल प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि योगाभ्यास से उन्हें आनंद, मानसिक शांति और आंतरिक सुकून की अनुभूति हुई। उन्होंने कहा कि नियमित योग साधना व्यक्ति की दिनचर्या को अनुशासित बनाने तथा तनावमुक्त जीवन की दिशा में आगे बढ़ने में सहायक हो सकती है। सीमित अवधि के इस प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभागियों को योग की उपयोगी विधियों से परिचित होने का अवसर मिला।योग मित्र मंडल एवं योग साधना केंद्र की इस पहल का उद्देश्य आमजन में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने के लिए प्रेरित करना रहा। शिविर में निःशुल्क प्रशिक्षण की व्यवस्था ने प्रतिभागियों को योग साधना से जुड़ने का अवसर प्रदान किया।इस अवसर पर चंद्रशेखर बगड़िया, महेश बनाफर, सुधीर केडिया, संतोष केडिया, सी.एल. शर्मा, रमेश सोनी, पंकज भारती, गोपीचंद सावलानी, श्रीमती गीता सावलानी, जयकुमार अग्रवाल, मनोज जैन, वीरेंद्र जैन, विक्रम सिंह सहित अन्य प्रतिभागियों ने शिविर में सहभागिता निभाई।

■ योग साधना शिविर का समापन, 15 प्रतिभागियों ने सीखा योग और ध्यान का महत्व



योगाभ्यास करते प्रतिभागी।

जसगीत प्रतियोगिता में जय मां गौटिन दाई पार्टी बोरसी ने मारी बाजी

बिर्रा। क्वांर शारदीय नवरात्रि की नवमी तिथि को ग्राम सिलादेही के भाठापारा में नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा आयोजित जसगीत प्रतियोगिता में जय मां गौटिन दाई जसगीत पार्टी बोरसी ने प्रथम स्थान हासिल कर बाजी मारी। प्रतियोगिता में कुल 14 जसगीत पार्टियों ने हिस्सा लेकर अपनी शानदार प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं का मन मोह लिया है।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली जय मां गौटिन दाई जसगीत पार्टी बोरसी को 21,001 रुपये नकद एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं द्वितीय स्थान पर जय समलाई दाई बड़े मुड़पार को 15,001 रुपये एवं शील्ड, तृतीय स्थान पर जय मां कंकालिन दाई मल्दा को 10,001 रुपये एवं शील्ड, चतुर्थ स्थान पर जय मां समलाई गतवा को 7,001 रुपये एवं शील्ड तथा पंचम स्थान पर जय मां लाला चौरा पेंडी को 5,001 रुपये एवं शील्ड प्रदान की गई।इसी प्रकार षष्ठम स्थान प्राप्त मां की जागरण पार्टी सुलौनीकला को 4,001 रुपये एवं शील्ड तथा सप्तम स्थान पर रही जय मां समलाई दाई जसगीत पार्टी को 2,501 रुपये एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में शामिल अन्य प्रतिभागी जसगीत पार्टियों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में 1,101-1,101 रुपये प्रदान किए गए। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में एम.एल. साहू, हरिराम, डाकेश्वर दुबे, होरीलाल साहू, अशोक वैष्णव, राजू केंवट, विनोद दुबे, भोपाल साहू, लक्ष्मीकांत दुबे, खेमलाल पटेल, संजय साहू एवं मनोहर साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन रामशरण केंवट ने किया। आयोजन को सफल बनाने में अनुराग, मोहन, धनराज, राजेश साहू, ओमशरण, धनसाय, योगेश, आकाश, सुनील, श्यामसुंदर, पवन पटेल, बसंत, हीराराम, कीर्तन, विनोद, संजू साहू, लखन पटेल, रिखीराम, रामेश्वर, हिराऊ, राजेंद्र, पवन एवं विक्रम सहित समिति के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

■ 14 जसगीत पार्टियों ने लिया हिस्सा, विजेताओं को नकद पुरस्कार के साथ मिला शील्ड



जवारा विसर्जन के साथ देवी मंदिरों में नवरात्रि पूजा का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

नगर के विभिन्न देवी मंदिरों में ज्वार कलश प्रज्वलित कर नौ दिनों तक माता की आराधना के बाद बीती रात जवारा विसर्जन के साथ नवरात्रि पूजा महोत्सव का समापन हो गया। चाम्पा जमीदारी की कुलदेवी मां समलेश्वरी मंदिर में नवरात्रि पूजा का आयोजन सबसे विशाल रहा। वहां श्रद्धालुओं द्वारा सैकड़ो की संख्या में ज्वाला कलश वह ज्योति कलश प्रज्वलित कराई गई थी। मां समलेश्वरी ज्वारा कलश के दर्शन के लिए पूरे 9 दिन तक श्रद्धालुओं का मंदिरों में तांता लग रहा। नींबू माला चढ़ाने के पश्चात सोमवार को जवारा विसर्जन किया गया। शाम को भजन कीर्तन करते हुए जवारा विसर्जन की यात्रा निकाली गई, जिसमें सबसे आगे सैकड़ो की संख्या में मन्नत रखने वाले आस्थावान महिलाएं व पुरुष लोट लगा रहे थे। लोट के पीछे कलश उठाया महिलाएं चल रही थी। सभी ज्वारा कलश कदम चौक में स्थित ठाकुर देव मंदिर में चावल अर्पित कर रामबांधा पहुंचे, जहां ज्वारा विसर्जन के बाद नवरात्रि पूजा का समापन किया गया। इसी तरह मां बमलेश्वरी कुम्हार पारा की मां शीतला मंदिर, काली मंदिर सहित विभिन्न देवी मंदिरों से ज्वारा कलश यात्रा निकाली कर विसर्जन किया गया। नवरात्रि विसर्जन यात्रा देखने श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कदम चौक दुर्गा उत्सव समिति द्वारा श्रद्धालुओं को हलवा, खिचड़ी का वितरण किया गया।



ज्वारा विसर्जन करने जाती महिलाएं।

ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने की पहल

नवोदय प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए 250 विद्यार्थियों ने दी निःशुल्क स्व-मूल्यांकन परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को उचित मार्गदर्शन और परीक्षा का अनुभव उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ग्राम चोरभट्ठी स्थित गुरुकृपा अमृत लाल कश्यप बाल संस्कार उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में निःशुल्क नवोदय विद्यालय स्व-मूल्यांकन परीक्षा 2026 का आयोजन किया गया। परीक्षा में जिले के करीब 250 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। वहीं विभिन्न जिलों में आयोजित इस परीक्षा में 2500 विद्यार्थी शामिल हुए।

परीक्षा का आयोजन कुर्मी क्षत्रिय समाज, स्व-मूल्यांकन समिति बिर्रा एवं विद्यालय प्रबंधन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त उच्च वर्ग शिक्षक घनश्याम सिंह ठाकुर ने की। मुख्य अतिथि तहसीलदार शशि भूषण सोनी रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में संतोष कश्यप (प्राचार्य शा. उ.मा. महंत) कुर्मी समाज छत्तीसगढ़ के अथरिया कुर्मी समाज के प्रदेशाध्यक्ष चंद्रशेखर कश्यप, युवा प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर कश्यप, ग्राम पंचायत चोरभट्ठी के सरपंच नेतराम कश्यप, कन्नौजिया कुर्मी एकता मंच जांजगीर के नगर अध्यक्ष शिव कश्यप एवं प्रदेश सचिव कांग्रेस कमेटी गिरधारी यादव सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि शशि भूषण सोनी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नवोदय विद्यालय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ आगे बढ़ने के बेहतर अवसर प्रदान करता है। ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी भी मेहनत और नियमित अध्ययन के माध्यम से केंद्रीय सेवाओं, पुलिस, प्रशासन सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपना स्थान बना सकते हैं। आयोजकों ने बताया कि स्व-मूल्यांकन परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक क्षमता का आकलन करने के साथ उन्हें प्रतियोगी परीक्षा के वातावरण से परिचित कराना और आत्मविश्वास बढ़ाना है। इस प्रकार के प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम का संचालन ज्योति कुमार कश्यप ने किया। विद्यालय के प्राचार्य विश्वनाथ कश्यप, ईश्वर कश्यप, विजय कश्यप, कृष्णा कश्यप, हवनाम कश्यप, सुमन सर, संतोष कश्यप, तीजराम कश्यप, विष्णु कश्यप सहित आयोजन समिति ने अतिथियों, विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।



